# संक्षिप्त परिचय



# श्रीमती आभा सिंह

**जिला संयोजिका-बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**

Let's Enhance .io

**नववर्ष मंगलमय हो**



# आभा सिंह

**जिला संयोजिका**
**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**

Facebook : www.facebook.com/abhasinghbjp
Twitter : www.twitter.com/abhabjp
Instagram : www.instagram.com/abhasinghnoorpur

| | | |
|---|---|---|
| **नाम** | : | **आभा सिंह** |
| **पति का नाम** | : | श्री पुष्पराज सिंह (आई.ई.एस., सेवानिवृत्त) एम.डी.पारस रेलटैक प्रा.लि. |
| **पिता का नाम** | : | स्व0 श्री होरी सिंह (भूतपूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक) |
| **माता का नाम** | : | श्रीमती शान्ति देवी (पूर्व चेयरपर्सन कॉपरेटिव बैंक) |
| **पुत्र** | : | आदित्य सिंह (निदेशक एम.डी. पारस रेलटैक प्रा.लि.) |
| **पुत्री** | : | वसुन्धरा राज सिंह |
| **शैक्षिक योग्यता** | : | स्नातक (वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान), स्नातकोत्तर, बी.एड. (रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, उ0प्र0) |
| **जन्म तिथि** | : | 10 दिसम्बर 1963 |
| **संघ आयु** | : | 30 वर्ष |
| **विधानसभा क्षेत्र** | : | 24-नूरपुर, जिला-बिजनौर, उ0प्र0 |
| **निवास** | : | डायमन्ड सिटी, मुरादाबाद रोड, नूरपुर, जिला-बिजनौर |
| **कार्यालय** | : | डायमन्ड सिटी, मुरादाबाद रोड, नूरपुर, जिला-बिजनौर |
| **सामाजिक संस्था** | : | आभा फाउंडेशन सामाजिक संस्था, नूरपुर एवं चांदपुर (**सदस्य 200000 +**) |
| **विशेषता** | : | विधान सभा क्षेत्र में विशिष्ट पहचान, साफ सुथरी छवि, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, विकासवादी, अनुशासित, राष्ट्रवादी, सामाजिक चिन्तक एवं सकारात्मक विचारधारा। |
| **दायित्व** | : | जिला संयोजिका - बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। |

**सामाजिक कार्य** :

1. वर्ष 2019 में 21 वंचित बेटियों के सामूहिक विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक किया। तत्पश्चात वंचित बेटियों का विवाह उनकी जन्म स्थली में जाकर कराया जा रहा है। अभी तक **49 वंचित बेटियों का विवाह** सम्पन्न कराया जा चुका है।
2. बेटियों को स्वावलम्बी बनाने के लिए **निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र** नूरपुर विधानसभा में स्थापित किये गये हैं, जिससे लगभग **5000 महिलायें** प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं।
3. नवयुवकों को स्वावलम्बी बनाने हेतु CCC का कोर्स निःशुल्क रूप से करवाया जा रहा है। जिसमें अभी तक लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं।
4. संघ की **"गंगे च यमुने प्रकृति संरक्षण यात्रा"** कार्यक्रम में भाग लिया।
5. **20000+ रजाई वितरण, 600** से अधिक आधार कार्ड संशोधन तथा वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन आदि सरकारी योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने में सहयोग किया।
6. नूपरपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछ्ले वर्ष में **50 मैडिकल कैम्प** लगाये तथा निःशुल्क दवाई व जांच के बाद चश्मा वितरण किया। अभी तक **10000 से अधिक** बुजुर्गों को चश्मा वितरण कराया जा चुका है।
7. केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहित कार्य योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका।
8. भाजपा के विभिन्न अभियानों में विशेषकर सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका।
9. प्रतिवर्ष **अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रा-छात्राओं** को लाखों रुपयों की छात्रवृत्ति का वितरण।
10. सर्वसमाज के विकास एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार से योगदान किया।
11. समय-समय पर आयोजित योग दिवस अम्बेडकर जयंती, स्वामी विवेकानन्द जयंती, गुरुजी माधवराव सदाशिव गोल वलकर जयंती एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित अनेक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान।
12. प्रधानमंत्री श्री **नरेन्द्र मोदी जी के सपनों को साकार करने हेतु** चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों यथा स्वच्छता अभियान मतदाता जागरण, रक्तदान शिविर, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुँचाने में सहयोग किया, जोकि निरन्तर जारी है।

**राजनीतिक योगदान** : 1989 से अब तक बिजनौर विधान सभा क्षेत्रों में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत हेतु लगातार सक्रिय योगदान दिया।

Let's Enhance .io

# आभा सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पहुंचे स्वाहेड़ी



**चांदपुर (विधान केसरी)।** स्वाहेड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजसेवी श्रीमती आभा सिंह ने नूरपुर के डायमंड सिटी कॉलोनी स्थित कार्यालय से 40 बसों व मैजिकों को करीब 15 सौ लोगों के साथ हरी झंडी दिखाकर उन्हें स्वाहेड़ी के लिये रवाना किया। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती आभा सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें रैली में जाने के निर्देश दिए। श्रीमती आभा सिंह के साथ हजारों महिलाएं और पुरुष रैली में जाने के लिए तत्पर दिखाई पड़े। चांदपुर निवासी समाजसेवी आभा फाउंडेशन की चेयरमैन तथा फादरसन पब्लिक स्कूल की प्रबंधिंका आभा सिंह आगामी 2022 में विधानसभा के होने वाले चुनाव में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से उतरकर भाजपा कार्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। श्रीमती आभा सिंह ने हजारों कार्यकताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वाहेड़ी आगमन पर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

# महिलाएं और मुस्लिम भी काफी संख्या में जनसभा में पहुंचे



**नूरपुर ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ की स्वाहेड़ी में आयोजित जनसभा में जाने के लिए महिलाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से जाट, सिख व यादव के साथ-साथ मुस्लिमों ने भी सहभागिता की। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से 50 बसें तथा 200 निजी वाहन विधानसभा प्रभारी उदय गिरि गोस्वामी, जिला मंत्री नरेश भाटी तथा मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, सुनील सैनी,राजीव त्यागी, सुरेश कुमार के नेतृत्व में रवाना हुए। महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ ले जाने में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान व श्रीमती आभा सिंह आगे रहीं। पूर्व विधायक डा. वीपी सिंह, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत भी काफिले के साथ रवाना हुए।

# पर्यावरण को शुद्ध रखने का लिया संकल्प

पब्लिक इमोशन संवाददाता



चांदपुर। गंगे व यमुने प्रकृति संरक्षण यात्रा का चांदपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जल, जंगल, जमीन,पानी बचाओ, पॉलीथीन हटाओ, पेड़ लगाओ आदि अनेक संदेश देता कार्यक्रम प्रस्तुत किया शुक्रवार को आभा फाउण्डेशन एंव फादरसन पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में गंगे व यमुने प्रकृति पर्यावरण संरक्षण [illegible] भव्य स्वागत एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। [illegible] इस मौके पर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को शपथ भी दिलाई। इस मौके पर सैकड़ों लोगों उपस्थित रहें। गुरूवार को शुक्रतीर्थ पौराणिक नगरी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों जागरूक और [illegible] करने के लिए गंगे व यमुने प्रकृति संरक्षण यात्रा का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम में स्वामी प्रणवानंद यात्रा प्रमुख, रामौतार प्रांत संयोजक पर्यावरण, स्वामी जगदेवानंद, स्वामी विक्रम बेताल, मुकुल, नरपाल मलिक, सुशील राजपूत, जगदीश प्रचारक प्रमुख, देवेन्द्र चौहान जिला कार्यवाह, विदित, निर्मल, फादरसन पब्लिक स्कूल प्रबंधक आभा सिंह, पति पुष्पराज चौहान,विधायक कमलेश सैनी समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# ग़रीब कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिये 51 हजार 429 रूपये भेंट किये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** फादरसन सीनियर सेकेण्ड्री पब्लिक स्कूल, चांदपुर की ओर से गरीब कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए 51,429 रूपये की धन राशि समाजसेवी संस्था केयरिंग सेल्स फाउण्डेशन लखनऊ को भेंट की गयी। स्कूल की प्रबंधक श्रीमती आभा सिंह ने छात्र-छात्राओं द्वारा एकत्र की गयी 51,429 रूपये की धनराशि संस्था के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मनीष मिश्रा को भेंट की। इस अवसर पर मनीष मिश्रा ने कैंसर के बारे में बताते हुए कहा कि तीसरी स्टेज पर कैंसर होने की जानकारी हो जाती है। कैंसर के 100 प्रतिशत केसों में 30 प्रतिशत मुंह का कैंसर होता है, जिसका मुख्य कारण तम्बाकू, गुटखा, धूम्रपान व शराब का सेवन करना होता है। खाद्य पदार्थों में रसायन केमिकल का प्रयोग व प्रदूषण आदि भी इस बीमारी का कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर का शिकार होते हैं। उन्होंने खानपान में सुधार करने तथा धूम्रपान, तम्बाकू, शराब का सेवन न करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमन कुमार, पीआरओ प्रशान्त कुमार शर्मा आदि भी मौजूद थे।

Let's Enhance .io

# मेरा परिवार भाजपा परिवार: आभा सिंह

**वेलकम इंडिया - नितिन शर्मा**

नूरपुर। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका व आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह लम्बे समय से निरंतर नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोगों के बीच पहुँचकर भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहीं हैं और योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों को तैयार कराने में अपने फाउंडेशन के माध्यम से लोगों का सहयोग कर रहीं हैं।



आभा सिंह क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के साथ ही सिलाई सेंटर आदि के माध्यम से बेटियों को आत्म निर्भर व सशक्त बना रहीं हैं। साथ ही जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का अपने खर्च पर विवाह कर समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच लाने का कार्य कर रहीं हैं और जन सेवा के दृढ़ संकल्प के साथ ये सेवा कार्य निरंतर गतिशील हैं।

इसी क्रम में श्रीमती आभा सिंह ने आज गांव नसीरपुर, नायक नगला, चेहेला, मंडारीपुर में अपनी टीम के माध्यम से मेरा परिवार, भाजपा परिवार भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की भारी संख्या में सदस्यता कराई तथा सभी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया।

# आभा सिंह ने भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया

**अ.हि. ब्यूरो, नूरपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका एवं आभा फाउण्डेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने शनिवार को डायमंड सिटी, मुरादाबाद रोड नूरपुर स्थित अपने कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी, द्वारा चलाए जा रहे मेरा परिवार, भाजपा परिवार सदस्यता अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया।

शिविर में भारी संख्या में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को 7505 403 403 पर मिस्ड कॉल कराकर सदस्य बनाया तथा सभी का आदरपूर्वक भाजपा परिवार में स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वह अपनी टीम के साथ इस अभियान में निरंतर लगी हुई हैं और नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के गाँवों व अपने कार्यालय पर शिविर का आयोजन कर लोगों को सदस्य बनाया जा रहा है।



श्रीमती आभा सिंह ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर कहा कि भाजपा एक परिवार है, कार्यकर्ता ही उसकी पूंजी है जिनकी मेहनत और संघर्ष के दम पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। कार्यकर्ता पार्टी की नींव होते हैं जो पार्टी का भविष्य तय करते हैं, उन्हीं कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों के कारण आज देश के कोने-कोने में देशहित में समर्पित भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहरा रहा है। भारतीय जनता पार्टी भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में अहम योगदान देते हुए अपने परिवारों को भी इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर चश्मों का वितरण भी किया गया।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व आभा फाउंडेशन द्वारा स्योहारा ब्लाक के ग्राम रतनपुरा में निःशुल्क जाँच, चिकित्सा परामर्श एवं दवाई वितरण शिविर का आयोजन कराया गया था, जिसमें कुशल चिकित्सकों द्वारा नेत्र, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जाँच एवं खांसी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द आदि बीमारियों पर परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया था जिसका भारी संख्या में ग्रामवासियों ने लाभ उठाया था।

शिविर में जाँच के बाद जिन लोगों को चश्मे की आवश्यकता पायी गयी थी, उन लोगों को आज चश्मे वितरण किए। चश्मे पाकर सभी के चेहरे खिल उठे और सभी ने श्रीमती आभा सिंह और आभा फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। आभा सिंह ने कहा कि आभा फाउंडेशन सतत जनसेवा के कार्य में लगा हुआ है और निरंतर गाँव-गाँव में ऐसे शिविरों का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान कर रहा है और भविष्य में बिना किसी भेदभाव के गरीब बेसहारा लोगों की सहायता करता रहेगा।

# आभा सिंह ने शिविर लगाकर लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**चांदपुर (विधान केसरी)।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका व आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने डायमंड सिटी मुरादाबाद रोड नूरपुर स्थित अपने कार्यालय पर मेरा परिवार, भाजपा परिवार भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत शिविर लगाकर नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भारी संख्या में सदस्यता दिलाई। सभी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया। मालूम हो कि श्रीमति आभा सिंह लम्बे समय से निरंतर नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोगों के बीच पहुँचकर भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहीं हैं। योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों को तैयार कराने में अपने फाउंडेशन के माध्यम से लोगों का सहयोग कर रहीं हैं। श्रीमती आभा सिंह क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कराने के साथ ही सिलाई सेंटर आदि के माध्यम से बेटियों को आत्म निर्भर व सशक्त बना रहीं हैं। साथ ही जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का अपने खर्च पर विवाह कर समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच लाने का कार्य कर रहीं हैं। जन सेवा के दृढ़ संकल्प के साथ ये सेवा कार्य निरंतर गतिशील हैं।



# आभा सिंह ने भाजपा कार्यकताओं को सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया - नितिन शर्मा**

नूरपुर। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ भाजपा की जिला संयोजिका एवं आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह जी द्वारा डायमंड सिटी, मुरादाबाद रोड, नूरपुर स्थित अपने कार्यालय/आवास पर पार्टी पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



सम्मान समारोह में आभा सिंह जी ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोरना मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष, मंडल कार्यकारिणी, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, ग्राम प्रधान व पूर्व ग्राम प्रधानों को सम्मानित कर सभी को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएँ दीं।

इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने हेतु जुट जाने व पार्टी के सदस्यता अभियान सहित विभिन्न विषयों पर पर हुई।

सम्मान प्राप्त करने वाले सभी लोगों ने श्रीमती आभा सिंह जी का आभार व्यक्त किया !

# आभा सिंह ने किया गांवों का भ्रमण

**नूरपुर (चिंगारी)।** सामाजिक संस्था आभा फ़ाउंडेशन की एमडी आभा सिंह के क्षेत्र के भ्रमण के दौरान महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। गुरुवार को समाज सेविका आभा सिंह ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के गांव गोहावर, भूतपुरी, मिर्जापुर ढीकली आदि गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान गोहावर में महिलाओं ने आभा सिंह का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम गोहावर में महिलाओं के लिए एक सप्ताह में एक सिलाई केंद्र खोलने का आश्वासन दिया। आभा सिंह ने कहा कि एक सप्ताह में सिलाई केन्द्र खोलकर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान पति बब्लू व बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जिला संयोजक बनी आभा सिंह

**सियासत ब्यूरो/नूरपुर**

www.siyasatdaily.com

बेटियों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कार्य कर रही अग्रणी समाजसेवी संस्था आभा फाउंडेशन की संस्थापक एवं फादरसन पब्लिक स्कूल प्रबंधिका आभा सिंह को भाजपा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जिला संयोजक का कार्यभार सौंपा है, क्षेत्र की जनता हर्ष का माहौल है! इस मौके पर आभा सिंह ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिये गये दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने का आश्वासन दिया है! आभा सिंह ने बताया कि पिछले दो वर्षों में आभा फाउंडेशन लगभग 400 बहु बेटियों को सिलाई सिखाकर और कम्प्यूटर की शिक्षा से लाभान्वित कर चुकी है! उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2015 को बालिकाओं को सशक्त संरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू की गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बेटियों के लिए वरदान बनी हुई है! आभा फाउंडेशन इस सराहनीय कार्य में अपना पूरा योगदान देती आयी है और भविष्य में भी बेटियों के लिए हर संभव कार्य करती रहेगी!



# आभा सिंह बनीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजक

नूरपुरः आभा फाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह द्वारा महिलाओं के लिए किए जा रहे सामाजिक कार्यों को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि द्वारा उन्हे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का जिला संयोजक मनोनीत किया है। महिला सशक्तीकरण के लिए आभा फाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह के प्रयासों को देखते हुए उन्हे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की सूचना पाकर उनके समर्थकों तथा उनके संस्थान से जुड़े लोगो में खुशी की लहर दौड़ गई। अपने मनोनयन पर पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए आभा सिंह ने कहा कि वह निरंतर क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हे सौंपी गई है वे उस पर खरा उतरेंगी।



आभा सिंह

Let's Enhance .io

# आभा फाउण्डेशन द्वारा कोरोना काल में चिकित्सा शिविरों में व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच एवं मास्क वितरण



SBI

PM CARES

PM CARES
PRIME MINISTERS OFFICE SOUTH BLOCK, , NEWDELHI-110011
Date: 31-Mar-2020

e-Receipt for State Bank Collect Payment

| | |
|---|---|
| SBCollect Reference Number | DUC9204579 |
| Category | DONATION |
| NAME | Paras Railtech Private Limited |
| EMAIL | info@parasrailtech.com |
| PHONE NUMBER | 9811650500 |
| COUNTRY | India |
| NATIONALITY | Indian |
| STATE | New Delhi |
| ADDRESS | 328 Third Floor |
| ADDRESS 1 | U S Complex 120 Mathura Road |
| ADDRESS 2 | Opposite Appolo Hospital |
| ADDRESS 3 | New Delhi |
| PIN CODE | 110076 |
| PAN NUMBER | AADCR5225Q |
| AMOUNT | 500000 |
| Total Amount (In Figures) | 5,00,000.00 |
| Total Amount (In Words) | Rupees Five Lakhs Only |
| Remarks | Corona Virus Relief |
| Notification 1 | |
| Notification 2 | |

## कोरोना काल में मास्क बनाने के जरिए दिया महिलाओं को रोजगार

**संवाद सहयोगी, चांदपुरः** कोरोना काल का वह समय जब जन-जन हालात के आगे लाचार नजर आ रहा था। एक तरफ बीमारी का कहर तो दूसरी ओर काम धंधे बंद हो गए। लोग हालात के आगे मजबूर हो गए थे। विपरीत परिस्थितियों में आभा फाउंडेशन आगे आया और जरूरतमंद लोगों को दवाइयां और खाने की व्यवस्था कराई। साथ ही कुछ महिलाओं को मास्क बनाने की जिम्मेदारी देते हुए उन्हें रोजगार भी दिया। संस्था और उसकी डायरेक्टर आभा सिंह निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा में लगी रहीं। अब भी वह स्वास्थ्य कैंप लगाकर जरूरतमंदों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है।

दो माह का वह दौर जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया। मास्क और सैनिटाइजर के अलावा लोगों को दवाइयों की भी बहुत जरूरत थी। जिसके बाद गांव स्याऊ निवासी आभा सिंह व उनका आभा फाउंडेशन इस विपदा की घड़ी में आगे आया। जिस जरूरतमंद को दवाई की जरूरत पड़ी, उनकी फाउंडेशन ने उसे दवाई की किट उपलब्ध कराई। फाउंडेशन की टीम जरूरतमंदों तक पहुंचने के लिए तैयार रही। आभा सिंह ने बताया कि वह समय बहुत कठिन था, लेकिन लोगों को दवा और रोटी की बहुत जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने अलग-अलग टीमों इस तरह के लोगों को सहायता पहुंचाने का जिम्मा दिया। वह खुद भी बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर सजग रहीं।



आभा सिंह • जागरण

### सहायता

- कोरोना काल के दौरान लोगों को उपलब्ध कराई दवाई व भोजन
- महिलाओं को मास्क बनाने के जरिए से दिया रोजगार

### मास्क के जरिए दिया रोजगार

आभा फाउंडेशन ने कोरोना काल में मास्क की महत्ता को समझते हुए अपनी ओर से मास्क तैयार करने का जिम्मा उठाया। इसके लिए महिलाओं को रोजगार भी दिया। जिसके तहत हजारों मास्क तैयार किए गए। उन मास्क को जरूरतमंदों को बांटा गया। साथ ही मास्क तैयार करने वाली महिलाओं का पूरा ध्यान रखा गया। संस्था अभी लोगों को निशुल्क मास्क और सैनिटाइजर का वितरण कर रही है। तीन से चार हजार लोगों को निशुल्क मास्क वितरण किया जा चुका है।

गांव-गांव मेडिकल कैंप लगाए : कोरोना की रफ्तार धीमी हुई तो फाउंडेशन की ओर से गांव-गांव मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंदों को निशुल्क इलाज के साथ-साथ दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। यह कैंप अभी भी आयोजित किए जा रहे है।

# उपमुख्यमंत्री की सभा में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुई आभा सिंह

## 3 हजार कार्यकताओं के साथ सम्मिलित हुई आभा सिंह

सियासत ब्यूरो/बिजनौर

www.siyasatdaily.com



भाजपा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका श्रीमती आभा सिंह जी ने खालसा इंटर कॉलेज, नूरपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी की जनसभा में लगभग 3 हजार कार्यकताओं के साथ सम्मिलित हुई। हाथ में होर्डिंग पकड़े हुए कार्यकताओं और बैंड बाजे के साथ उन्होंने एक अलग पहचान बनाते हुए जनसभा में एक अलग प्रकार से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने नूरपुर में बिजनौर जनपद के चौमुखी विकास हेतु 193.21 करोड़ रुपए की लागत की कुल 233 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपदवासियों को विकास की सौगात दी।

श्रीमती आभा सिंह जी ने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय निवासियों को रोजगार एवं विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र विकास के नए मार्गों से भी जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रवासियों का उत्थान होगा। श्रीमती आभा सिंह जी ने जनसभा में सम्मिलित होने होने वाले समस्त कार्यकताओं व नूरपुर की जनता का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका श्रीमती आभा सिंह अपने काफिले के साथ खालसा इंटर कॉलेज, पहुची



संवाददाता–अमर आनंद

नूरपूर। उत्तर प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा में लगभग 3 हजार कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित हुई। हाथ में होर्डिंग पकड़े हुए कार्यकर्ताओं और बैंड बाजे के साथ उन्होंने एक अलग पहचान बनाते हुए जनसभा में एक अलग प्रकार से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने नूरपुर में बिजनौर जनपद के चौमुखी विकास हेतु 193.21 करोड़ रुपए की लागत की कुल 233 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपदवासियों को विकास की सौगात दी।

श्रीमती आभा सिंह जी ने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय निवासियों को रोजगार एवं विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र विकास के नए मार्गों से भी जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रवासियों का उत्थान होगा। श्रीमती आभा सिंह जी ने जनसभा में सम्मिलित होने होने वाले समस्त कार्यकर्ताओं व नूरपुर की जनता का आभार व्यक्त किया।



नूरपुर मे समर्थकों के साथ सभा स्थल जाती भाजपा नेत्री आभा सिंह • जागरण

## समर्थकों संग रैली में पहुंचीं आभा

नूरपुरः भाजपा नेत्री एवं आभा फाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह बुधवार को मुरादाबाद मार्ग स्थित अपने कार्यालय से सैकड़ों लोगों के साथ रैली स्थल पर पहुंचीं। उनका कहना है कि वह भाजपा की सच्ची सिपाही हैं। रैली के माध्यम से उप मुख्यमंत्री ने जिले के लिए विभिन्न घोषणाएं कर जनता का दिल जीत लिया। खासकर महिला वर्ग भी उनकी घोषणाओं से काफी खुश थीं। वह अपने कार्यालय से भीड़ के साथ रैली स्थल पहुंची। उन्होंने बताया कि आभा फाउंडेशन की ओर से लोगों तक भाजपा नीतियों के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

## बैंडबाजे के साथ उपमुख्यमंत्री की सभा में पहुंचीं आभा सिंह



नूरपुर (चिंगारी)। भाजपा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका श्रीमती आभा सिंह ने खालसा इंटर कॉलेज, नूरपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा में हजारों कार्यकर्ताओं को लेकर बैंडबाजे के साथ पहुंचीं। इस दौरान कार्यकर्ता हाथ में होर्डिंग पकड़े हुए नारेबाजी करते साथ-साथ चल रहे थे। बुधवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नूरपुर के खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए बिजनौर जनपद के चहुंमुखी विकास हेतु 193.21




करोड़ रुपए की लागत की कुल 233 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपदवासियों को विकास की सौगात दी। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से वार्ता के दौरान श्रीमती आभा सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय निवासियों को रोजगार एवं विकास के नये अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र विकास के नए मार्गों से भी जुड़ेगा, जिससे क्षेत्रवासियों का उत्थान होगा। श्रीमती आभा सिंह ने जनसभा में सम्मिलित होने होने वाले समस्त कार्यकर्ताओं व नूरपुर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी। भाजपा नेत्री आभा सिंह ने कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराते हुए अपनी दावेदारी पेश की।




चार साल - बेमिसाल
किसान संवाद कार्यक्रम
मा० प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्र देव सिंह जी
का विधानसभा क्षेत्र धामपुर आगमन पर
हार्दिक स्वागत
अभिनन्दन
आभा फाउण्डेशन

## माननीय उपमुख्यमंत्री जी का स्वागत करते हुए












गंगे च यमुने प्रकृति संरक्षण
दिनांक- 26 फरवरी 2021



## क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनिवाल जी का हार्दिक अभिनन्दन







## आभा सिंह का सामाजिक जुड़ाव










## आभा फाउंडेशन द्वारा किया गया निःशुल्क चश्मों का वितरण



(मुरादाबाद उजाला)

नूरपुर। आभा फाउंडेशन द्वारा सोमवार को अपनी सामाजिक गतिविधि के अंतर्गत नूरपुर क्षेत्र के गांव हीमपुर, शहबाजपुर, नैनू नंगला, अलाउद्दीनपुर, ऊमरा, हैजरपुर में ग्रामवासियों को निशुल्क रूप से चश्मों वितरण किया गया। कुछ दिन पूर्व फ़ाउंडेशन द्वारा ग्राम हीमपुर प्रथया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 500 लोगों के दांतों की जाँच, आँखों की जाँच, शुगर की जाँच निशुल्क की गयी। तथा जनरल फ़िज़िशियन व महिला सम्बन्धी बीमारी समस्याओं पर कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श के साथ एक हफ़्ते की दवाइयां भी निशुल्क रूप से प्रदान की गयीं। आँखों की जाँच के बाद चिकित्सकों द्वारा जिन लोगों को चश्में की आवश्यकता पायी गयी थी, उनको चश्मे के नम्बर के अनुसार चश्मा प्रदान करने को कहा गया था। उसी क्रम में आज आभा फ़ाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह ने गाँव पहुँचकर उन लोगों को चश्मों का वितरण किया एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की। साथ ही समाज सेवा के प्रति फ़ाउंडेशन व अपनी संकल्पबद्धता को दोहराया। उन्होंने जानकारी दी कि फ़ाउंडेशन की ओर से ऐसे शिविरों को निरंतर आयोजन जारी रहेगा, जिससे कि अधिक अधिक लोग लाभान्वित हो सके। इस दौरान ग्रामवासियों ने प्रबंधक आभा के नेतृत्व में फ़ाउंडेशन द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्यों सराहना की व आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन द्वारा पिछले 1 वर्ष से लगातार सामाजिक सेवा कार्य होने से नगर में क्षेत्रवासियों में एक आशा की किरण जागी है।

## चिकित्सा शिविर में 500 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच



**नूरपुर:** आभा फाउंडेशन की ओर से ग्राम हीमपुर पृथ्या में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 500 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। बुधवार को ग्राम हीमपुर पृथ्या में आभा फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिविर में दांत, आंख तथा शुगर की निःशुल्क जांच की गई तथा चिकित्सकों द्वारा उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गई। नेत्र चिकित्सक द्वारा जिन व्यक्तियों को चश्मे की आवश्यकता बताई गई उन्हें अगले सप्ताह चश्मे वितरित किए जाएंगे। शिविर में उपस्थित आभा फाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह ने उपस्थित व्यक्तियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की तथा उन्हें फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर प्रत्येक मंगलवार तथा शनिवार को आयोजित किया जाएगा। शिविर में शहबाजपुर, सीमला, हीमपुर पृथ्या, ऊमरा बुजुर्ग,अलाउददीनपुर तथा हैजरपुर से आए लगभग 500 व्यक्तियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# आभा फाउंडेशन ने कराया सामूहिक विवाह का आयोजन

## 11 जोडे परिणय सूत्र में बंधे



**अ.हि. ब्यूरो, नूरपुर।** रविवार को क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन के तत्वाधान में दूसरा सर्वजातीय विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 11 जोडे परिणय सूत्र में बंधे। फाउंडेशन परिवार की ओर से सभी नये जोडो को शुभ आर्शीवाद दिया गया।

यहां परी गार्डन में आयोजित विवाह समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रांत संघ संचालक प्रेम शर्मा, धामपुर विधायक अशोक राणा व फाउंडेशन की प्रबंधिका आभा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरांत 11 जोडो के विवाह का संकल्प पूर्ण कर उन्हे आर्शीवाद प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रबंधिका आभा सिंह ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से पहला सर्वजातीय विवाह समारोह 18 फरवरी 2020 को सम्पन्न कराया गया था। जिसमें 21 कन्याओ का विवाह हुआ था। इसके 13 कन्याओ का विवाह उनके निवास पर कराया गया है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा गरीब व असहाय महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कढाई तथा मेधावियों को कम्पूटर का प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है। समय समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर और वस्त्रो का वितरण भी किया जाता है। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक प्रेम शर्मा ने संस्था के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि गरीब की सेवा सबसे बडी सेवा है। समारोह में विभाग प्रचारक कौशल कुमार, चंद्रशेखर जी, पुष्पराज सिंह आदि शामिल रहे।

## आभा सिंह का सामाजिक जुड़ाव






नववर्ष मंगलमय हो



# समाजसेवियों के लिए सीख एवं गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है आभा फाउंडेशन










आभा सिंह के भाई अशोक राणा भाजपा विधायक धामपुर, आभा सिंह के भतीजे प्रियंकर राणा वरिष्ठ युवा भाजपा नेता



**हिन्दू-मुस्लिम सर्वसमाज की गरीब बेटियों की शादियां करा सिलाई, कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर गरीब लड़कियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जी-जान से जुटी हैं लोकप्रिय समाजसेवी आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह**

एनसीआर टुडे

**बिजनौर, लइहन खां-जिला प्रभारी।** जनपद में गरीबों मजलूमों की सच्ची समाजसेवा के लिए चांदपुर क्षेत्र में संचालित आभा फाउंडेशन का जनपद में कोई सानी नहीं है। जनपद के साथ-साथ पड़ोसी जनपदों में सच्ची समाजसेवा के लिए आभा फाउंडेशन की ख्याति का डंका बज रहा है। हिन्दू-मुस्लिम सर्वसमाज के गरीब परिवारों की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई आदि का निशुल्क प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके हाथ पीले कराने का पुण्य कार्य भी आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह कर रही हैं। गरीबों के लिए तो आभा सिंह वरदान साबित हो रही है। आभा सिंह की बढ़ती लोकप्रियता से समाजसेवा के क्षेत्र में लगे अन्य लोगों में भी हड़कंप मचा है।

मालूम हो कि श्रीमती आभा सिंह अब तक चांदपुर व नूरपुर विधानसभा क्षेत्रों में सर्वसमाज की गरीब युवतियों एवं महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई आदि का निशुल्क प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने फाउंडेशन की ओर से सिलाई मशीन आदि भी उपलब्ध कराकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा कर चुकी है। इतना ही नहीं, आभा फाउंडेशन ने सैकड़ों गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराकर भी पुण्य का कार्य किया है। गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने में होने वाला तमाम खर्च स्वयं फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह उनके पति चेयरमैन पुष्पराज सिंह द्वारा वहन किया जाता है। इतना ही नहीं, विवाह/निकाह की सभी रस्में बेहद हर्षोल्लास के साथ पूरी की जाती है। यही कारण है कि जनपद में खासतौर से गरीब वर्ग के लोग आज श्रीमती आभा सिंह को अपनी रहनुमा मानते हैं।

बताते चलें कि श्रीमती आभा सिंह को समाजसेवा का ज्ञान अपने परिवार से ही मिला है। धामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छतजट निवासी बेहद मिलनसार, व्यवहारकुशल, ईमानदार एवं समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने वाले गरीबों, मजलूमों के सच्चे रहनुमा रहे स्व. मा होरी सिंह की लाडली बेटी है आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह। आभा सिंह के मन में बचपन से ही गरीबों की सेवा का जज्बा रहा है। पिता श्री स्व. मा. होरी सिंह के निधन के बाद घर के कामकाज की जिम्मेदारी श्रीमती आभा सिंह के भाई धामपुर विधानसभा क्षेत्र से बेहद लोकप्रिय, बेहद ईमानदार, विकास पुरुष विधायक अशोक राणा ने संभाली। भाई की कार्यप्रणाली से भी श्रीमती आभा सिंह को समाजसेवा के बहुत सारे नुकते सीखने को मिले। वर्तमान में श्रीमती आभा सिंह अपने पति आभा फाउंडेशन के चेयरमैन पुष्पराज सिंह के साथ समाजसेवा के कार्यों के साथ स्याऊ बिजनौर रोड पर स्थित फादरसन सीनियर सैकेंड्री पब्लिक स्कूल का कुशल संचालन भी कर रही हैं। उत्तम शिक्षा एवं अनुशासन फादरसन सीनियर सैकेंड्री पब्लिक स्कूल की विशेषता है। बच्चों के खेलने के लिए जहां विशेष विशेषता है वहीं शिक्षण कार्य के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की भी माकूल व्यवस्था है। स्कूली बच्चों को अपने बच्चों जैसा प्यार व दुलार देने वाली आभा सिंह को स्कूली बच्चे भी बेहद प्यार करते हैं। श्रीमती आभा सिंह को अपनी माताश्री श्रीमती शांति देवी से भी विशेष लगाव है। इतना ही नहीं, वे अपनी भाभी श्रीमती ज्योति राणा पत्नी अशोक राणा भाजपा विधायक धामपुर से भी अत्यधिक प्यार करती हैं। वहीं भाजपा विधायक अशोक राणा के पुत्र प्रियंकर राणा को तो श्रीमती आभा सिंह अपने पुत्र जैसा ही प्यार व दुलार करती हैं। सूत्रों की मानें तो आभा फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे सर्वसमाज के गरीब लोगों के हितार्थ अभियान का दायरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को आभा सिंह की समाजसेवा के कार्य तो उनके दिलों और दिमाग में छाए हुए हैं। नगर की गरीब जनता का कहना है कि यूं तो जनपद में बड़े-बड़े पूंजीपति लोग पड़े हैं। साथ ही शासन से धन लेकर गरीबों के नाम पर संस्था चलाने वाले लोग भी गरीबों के नाम पर प्राप्त पैसे को अपना व अपने परिवार का पेट पालने में लगा रहे हैं। जबकि, आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह एवं फाउंडेशन के चेयरमैन श्री पुष्पराज सिंह सच्चे मन से हिन्दू-मुस्लिम सर्व समाज की गरीब बेटियों को सिलाई, कढ़ाई आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हें उपकरण उपलब्ध कराकर जहां आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं, वहीं फाउंडेशन की ओर से गरीब बेटियों के हाथ पीले कर उन्हें सुखी वैवाहिक जीवन जीने के लिए भी मां-बाप जैसा काम कर रहे हैं। गरीब बेटियों की शादियों में होने वाले सभी सामाजिक रीति रिवाजों के अनुसार दान-दहेज एवं निकाह व फेरों की रस्में भी नियमानुसार पूरी कराई जाती है। जबकि बेटियों की विदाई के समय उनके परिजनों के साथ-साथ स्वयं फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह गरीब की बेटियों की मां तो उनके पति पुष्पराज सिंह पिता की हैसियत से ऐसी बेटियों को विदा करते हैं। आभा फाउंडेशन का यह अभियान लगातार प्रगति कर रहा है। वहीं नूरपुर व चांदपुर क्षेत्र में तो यह अभियान गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

## गरीबों, मजलूमों की सच्ची रहनुमा वरिष्ठ समाजसेवी आभा सिंह गरीब बेटियों के भविष्य को लेकर हर समय आती हैं चिंतित नजर

बिजनौर। आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह गरीब परिवारों की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई आदि का प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ डटी है। श्रीमती आभा सिंह को हर समय गरीब बेटियों के भविष्य को लेकर चिंता सताती रहती है। कभी कभी फुरसत के क्षणों में गरीब बेटियों के बारे में चिंतन करते समय आभा सिंह अकेले में खो जाती है। एक भेंट में आभा सिंह ने बताया कि उन्हें विवाह/निकाह के बाद भी



गरीब की बेटियों के भविष्य में होने वाली परेशानियों की चिंता भी हर समय सताती रहती है। आभा सिंह ने दो टूक कहा कि वे सर्वसमाज के गरीब वर्ग की बेटियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर सम्मान के साथ जीवन जीने की कला में परिपूर्ण होने तक अपने अभियान को जारी रखेंगी।

### सैकड़ों गरीब बेटियों को आत्मनिर्भर बनाकर आभा सिंह ने जनपद में रचा इतिहास, ली उनकी दुआएं

अब तक सैकड़ों गरीब युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आभा सिंह ने एक नया इतिहास रचा। जो समाजसेवियों के लिए सीख भी है। जनपद के अन्य समाजसेवियों को भी आभा सिंह की समाज सेवा से सच्ची समाज सेवा की सीख लेनी चाहिए।

## नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता गरीबों, मजलूमों की सच्ची हमदर्द आभा सिंह को देखना चाहती है अपना रहनुमा

बिजनौर। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में हिन्दू-मुस्लिम सर्वसमाज के गरीब वर्ग के लोगों के हितार्थ दिन-रात एक करने वाली आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह की क्षेत्र की जनता उनकी समाजसेवा से खुश होकर उन्हें अपना रहनुमा मानने लगी है। लोगों का कहना है कि गरीबों की मजबूरियों व बेबसी पर पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ आभा फाउंडेशन द्वारा खड़े होकर उन्हें मजबूती प्रदान करने का अभियान चलाने वाली श्रीमती आभा सिंह को तो क्षेत्र का प्रतिनिधि होना चाहिए। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के सर्वसमाज के गरीब लोगों के साथ जनता का कहना है कि आभा सिंह फाउंडेशन की बेहद ईमानदार, व्यवहारकुशल, गरीबों, मजलूमों व बेसहाराओं की सच्ची रहनुमा आभा सिंह को भाजपा हाईकमान 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में आभा सिंह को भाजपा से विधानसभा का टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारना चाहिए। यह नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की

**हिन्दू-मुस्लिम सर्व समाज के लोगों ने भाजपा हाईकमान से की है अपनी हमदर्द आभा सिंह को टिकट दिए जाने की मांग**


जनता की आवाज है। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सभी पार्टियां ऐसे प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में टिकट देकर उतारती हैं, जो चुनाव के दौरान जनता के बीच आते हैं और चुनाव जीतने के बाद जनता की तरफ मुड़कर भी नहीं देखते। आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर चांदपुर के स्याऊ निवासी आभा सिंह हर समय गरीबों की मदद में ही देखी जाती है। उनके आवास पर भी गरीबों का तांता लगा रहता है। उनके आवास पर आने वाला कोई भी फरियादी कभी निराश नहीं लौटा। यही कारण है कि आभा सिंह की समाजसेवा का डंका आज नूरपुर व चांदपुर विधानसभा सहित पूरे जनपद बिजनौर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बज रहा है।

## आभा फाउंडेशन द्वारा राजा का ताजपुर में 31वी जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न













एनसीआर टुडे

**बिजनौर, लइहन खां-जिला प्रभारी।** आभा फाउंडेशन द्वारा आज नूरपुर क्षेत्र के ग्राम राजा का ताजपुर में 31वी जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया। राजा का ताजपुर स्थित आर जी एन पी डिग्री कॉलेज में आयोजित विवाह समारोह के दौरान कुमारी वर्षा रानी पुत्री श्री पप्पू सिंह निवासी राजा का ताजपुर का विवाह ग्राम नारायण खेड़ी निवासी श्री हिरदेश कुमार पुत्र श्री मंगल सिंह के साथ संपन्न कराया गया। इससे पूर्व आभा फाउंडेशन द्वारा अब तक 30 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के विवाह संपन्न कराए जा चुके हैं। आज के इस पावन अवसर पर धामपुर क्षेत्र के विधायक श्रीमान अशोक राणा जी, आभा फाउंडेशन के चेयरमैन श्री पुष्पराज सिंह, जलीलपुर मंडल अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र प्रजापति, ताजपुर के पूर्व प्रधान श्री सुरेश सैनी, मंडल अध्यक्ष श्री राजवीर सिंह, ओ बी सी श्री टिल्लू नेताजी, आर एस एस से श्री बीरबल जी, श्री सुरेश जी, श्री ध्यान सिंह जी, डॉ चरण सिंह जी, सैनी समाज के अध्यक्ष श्री मदन सैनी जी आदि उपस्थित रहे।

धामपुर विधायक श्री अशोक राणा जी ने आभा फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह ने विवाह समारोह में उपस्थित हुए सभी सम्मानित आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके और उनके पति श्री पुष्पराज सिंह ने अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा समाज सेवा के कार्यों में खर्च करने का जो संकल्प लिया है जीवन पर्यंत जारी रहेगा। इस प्रकार के कार्यों को करने जो सुख और आनंद की अनुभूति उन्हें प्राप्त होती है उसको शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है।

# हजारों की संख्या में महिलाओं को साथ लेकर नितिन गडकरी का स्वागत करने पहुंची : आभा सिंह

सियासत ब्यूरो/नूरपुर

www.siyasatdaily.com



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका एवं आभा फाउंडेशन की संस्थापिका नूरपुर विधानसभा से मजबूत दमदार संभावित भाजपा प्रत्याशी आभा सिंह हजारों महिलाओं के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की जन विश्वास स्वागत यात्रा के लिए झंडा चौक पर पहुंची।

रविवार को को मुरादाबाद मार्ग स्थित आभा फाउंडेशन कार्यालय पर लगभग 6000 महिलाएं भाजपा कार्यकत्रिया एकत्र हुई। इनके अलावा भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी कार्यालय पर एकत्र हुए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संस्था पिका समाज सेविका भाजपा नेत्री नूरपुर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रबल दावेदार माने जाने वाली आभा सिंह के नेतृत्व में जान विश्वास स्वागत यात्रा के लिए हजारों महिलाओं एवं भाजपा कार्यकताओं की भीड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान एवं भाजपा संगठन के नेता सुनील बंसल के स्वागत के लिए झंडा चौक स्थित तिराहे के लिए रवाना हुई। आभा सिंह के नेतृत्व में भारी भीड़ झंडा चौक के लिए रवाना हुई। उनकी पदयात्रा स्वागत रैली मुरादाबाद मार्ग स्थित डायमंड कॉलोनी में स्थित कार्यालय से प्रारंभ होकर शिव मंदिर चौक शहीद तिराहा चांदपुर मार्ग होती हुई झंडा चौक पर पहुंची। चांदपुर से चली जन विश्वास यात्रा झंडा चौक पर वाहनों के काफिलों के साथ करीब शाम 5:00 बजे पहुंचने पर आभा सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संजीव बालियान, परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, चांदपुर विधायक कमलेश सैनी एवं भाजपा संगठन के नेताओं का जोरदार स्वागत किया।

गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य प्रसाद मौर्य के नूरपुर के खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचने पर आभा फाउंडेशन की संस्था पिका एवं भाजपा नेत्री आभा सिंह के नेतृत्व में कई हजार महिलाओं ने पहुंच कर आभा सिंह का कद बढ़ाया था। श्रीमती सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में लगभग 50 निर्धन जरूरतमंद कन्याओं के विवाह संपन्न कराएं हैं। इसके अलावा क्षेत्र में कन्याओं को आप निर्भर बनाने के लिए सिलाई कढ़ाई केंद्र खोलकर अलग पहचान बनाई है। इसके अलावा जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को रजाई एवं कंबल बांटकर सराहनीय कार्य किया है। उनकी एक आवाज पर हजारों की संख्या में महिलाएं इक्ट्ठा हो जाती है।



इसके अलावा जन विश्वास यात्रा का स्वागत नूरपुर विधानसभा से संभावित प्रत्याशी पूर्व विधायक डॉक्टर बी पी सिंह ,पूर्व राज्य मंत्री महावीर सिंह, जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत, कविश राणा, सुंदर सिंह राणा आदि ने जगह जगह पर उनका स्वागत किया।

# हजारों समर्थकों के साथ जन विश्वास यात्रा का स्वागत किया: आभा सिंह

वेलकम इंडिया

नूरपुर। बिजनौर की पावन धरती तथा महात्मा विदुर की तपोभूमि विदुर कुटी से प्रारंभ हुई जन विश्वास यात्रा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका नूरपुर विधानसभा से संभावित प्रत्याशी आभा सिंह ने नूरपुर में झंडा चौक पर हजारों समर्थकों के साथ पुष्प वर्षा कर जन विश्वास यात्रा का स्वागत किया इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान परिवहन राज्यमंत्री अशोक कटारिया चांदपुर विधायक कमलेश सैनी अपने काफिले के साथ चल रहे थे हजारों की भीड़ देख मंत्री संजीव बालियान एवं मंत्री अशोक कटारिया ने आभा सिंह की प्रशंसा की प्रशंसा सुनकर आभा सिंह गदगद नजर आई झंडा चौक पर चारों तरफ आभा सिंह के समर्थक ही नजर आ रहे थे आभा सिंह के समर्थक नितिन गडकरी जिंदाबाद, संजीव



बालियान जिंदाबाद, अशोक कटारिया जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इससे पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की नूरपुर के खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में हुई जनसभा में आभा सिंह ने भारी भीड़ जुटाकर अपनी ताकत दिखाई थी उनकी भीड़ देख उपमुख्यमंत्री ने मंच से उतर कर उनके कार्यकताओं के बीच जाकर आभा सिंह को बधाई दी थी।

## आभा फाउंडेशन की ओर से लगा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



नूरपुर (चौ.शेरसिंह)। शनिवार को आभा फाउंडेशन द्वारा नूरपुर क्षेत्र में मुबारकपुर गढ़ी विकास क्षेत्र बुढ़नपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके दौरान शिविर में शुगर, खून की जांच, दांतो के परीक्षण, महिलाओं से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियो,दर्द और आंखों के परीक्षण की व्यवस्था की गई । सैकड़ों ग्रामवासियों ने शिविर में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया और आभा फाउंडेशन द्वारा कराए गए इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह की सराहना की। शिविर में डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉक्टर मयंक, डॉक्टर रश्मि गर्ग,डॉक्टर किश्वर जहा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती आभा सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।उन्होंने बताया कि आज आयोजित हुए शिविर के दौरान आंखो के नंबर की जांच के उपरांत चश्मों की जरूरत वाले मरीजों को निशुल्क चश्मे अगले सप्ताह कैंप लगाकर वितरित किए जायेंगे। आभा फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्य से कमजोर वर्ग के लोगों ने राहत की सांस ली है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 450 मरीज़ों का परीक्षण

नूरपुर (चिंगारी)। शनिवार को नूरपुर क्षेत्र के ग्राम मोहल्ला वाला गोपालपुर में सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर आभा सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में डा. हेमंत, डा. रामशरण चौहान, डा. किश्वर जहां व डा. संजीव कुमार की टीम ने मरीजों की खून, शुगर, विभिन्न प्रकार के दर्द, आंखों और दांतों की जांच की। शिविर में लगभग 450 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा रोगों से संबंधित दवाई का निःशुल्क वितरण किया गया। कुछ नेत्र रोगियों के चश्मे के नम्बर भी लिए गये। इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर आभा सिंह ने कहा कि संस्था की ओर से क्षेत्र में इस प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सके। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह बाद चश्मे वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर विपिन कुमार,अनिल कुमार, राजेश्वर प्रसाद, अश्वनी कुमार, पीयूष कुमार, अंकुश, गोरु आदि उपस्थित रहे।



# गरीब बेटियों की शक्ति बनीं आभा सिंह

## शिक्षा के साथ ही स्वरोजगार को सिलाई केंद्र खुलवाकर बेटियों को बना रहीं स्वावलंबी

**नमो देव्यै महा देव्यै**

**संवाद सहयोगी, चांदपुर:** महिला सशक्तीकरण और बेटियों के लिए कुछ कर गुजरने की बात हो तो आभा सिंह एक मिसाल बनकर सामने आयी हैं। उन्होंने न केवल बेटियों के भविष्य को रोशन करने का बीड़ा उठाया है, बल्कि एक के बाद एक निर्धन बेटियों का भी विवाह कराने की जिम्मेदारी उठा रही हैं। उनकी कोशिश है कि अशिक्षा के अंधकार में फंसकर कोई बेटी उत्पीड़न का शिकार न हो। उन्होंने संकल्प लिया है कि जो कदम अब आगे बढ़े हैं, वह पीछे नहीं हटने वाले।

गांव स्याऊ निवासी आभा सिंह वैसे तो फादरसन स्कूल की प्रबंधक हैं, लेकिन, समाजसेवा का जज्बा उन्हें पति पुष्पराज सिंह से मिला। समाज में गरीबी के चलते शिक्षा से दूर हो रही



आभा सिंह

बेटियों के लिए उन्होंने पहल की। कहा जाए तो वह इल्म की रोशनी बांटने चल पड़ी हैं। इसके लिए आभा के नाम से फाउंडेशन का गठन किया। जिसके माध्यम से वह गांव-गांव गरीब बेटियों को तलाशने में लग गईं। उसके बाद उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। उनका प्रयास सफल हुआ। उन्होंने 50 से अधिक निर्धन परिवार की बेटियों को निश्शुल्क शिक्षा देने का जिम्मा उठाया। वह उन्हें गरीबी का एहसास नहीं होने दे रहीं, बल्कि शिक्षा की सीढ़ियां चढ़ने की राह दिखा रही हैं।

**33 बेटियों को करा चुकी हैं विवाह :** आभा सिंह का कहना है कि समाज में निर्धनता के चलते कई बार गरीब बेटियों के विवाह में बहुत परेशानी आती है। परिवार के लोग भी बेबस नजर आते हैं। इसके लिए उन्होंने अनूठी पहल शुरू की। अलग-अलग स्थानों पर सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजित किए। फाउंडेशन के माध्यम से चांदपुर क्षेत्र के अलावा नूरपुर, ताजपुर, रावटी, नहटौर क्षेत्र के गांव बेगराजपुर आदि स्थानों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित कराकर 33 बेटियों का विवाह करा चुकी हैं। बताया कि आगे भी यह कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। गांव-गांव इस तरह की बेटियों को वह तलाशती रहती हैं।

**बेटियों के लिए गांवों में केंद्र**

वैसे तो आभा सिंह का स्वयं का विद्यालय है। यहां पर वह कई बेटियों को निश्शुल्क शिक्षा दिला रही है, लेकिन, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए अब वह गांव-गांव सिलाई केंद्र खोल रही है। अब तक वह गांव इस्माईलपुर, काजीशोरा, रावटी आदि में सिलाई केंद्र खोल चुकी है। जहां पर उन्हें निश्शुल्क सिलाई सिखाई जा रही है।

# आजादी के अमर शहीदों का स्मरण किया

## बच्चों में देशप्रेम का भाव जाग्रत करने का आव्हान



**चांदपुर( बि.टा. )।** सामाजिक कार्यों में अग्रणी आभा फाउंडेशन चांदपुर के तत्वावधान में शहीदी दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर शहीदों को याद किया गया। यहां स्याऊ -छाछरी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। कार्यक्रम की आयोजक व आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर आभा सिंह ने अपने संबोधन में युवा वर्ग का आह्वान किया कि देश के विकास और गौरव की रक्षा के लिए अपना योगदान देना हर भारतवासी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता को चाहिए कि देश के क्रांतिकारियों और महानुभावों के विषय में जानकारी देते हुए अपने बच्चों में देश प्रेम का भाव जाग्रत करें और उन्हें अच्छे से अच्छे संस्कार दें, क्योंकि ये बच्चे ही देश का भविष्य हैं। इस अवसर पर राशिद हसैन नरपर. महावीर सिंह. दाताराम शर्मा, विपिन कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, सौरभ, कल्याण सिंह, सोनू कुमार, दिलशाद, दीपक कुमार, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में नूरपुर व चांदपुर क्षेत्र के व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा गरीब, जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्राम इस्माईलपुर, रावटी और काजीसोरा में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों का आरंभ किया गया था। शुक्रवार को इस्माईलपुर निवासी श्री प्रमोद कुमार जी और काजीसोरा निवासी श्री धर्मपाल सिंह के निवास स्थान पर सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को प्रमाण-पत्र देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती आभा सिंह, श्रीमती कंचन लता, नवनीत कुमार, ब्रजमोहन सिंह, पीयूष कुमार, हिमांशु कुमार, राजकुमार सिंह, विशाल कुमार, अमित कुमार, भगवानदास, सतेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, विनय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आभा सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पहुंचे स्वाहेड़ी



**चांदपुर (विधान केसरी)।** स्वाहेड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजसेवी श्रीमती आभा सिंह ने नूरपुर के डायमंड सिटी कॉलोनी स्थित कार्यालय से 40 बसों व मैजिकों को करीब 15 सौ लोगों के साथ हरी झंडी दिखाकर उन्हें स्वाहेड़ी के लिये रवाना किया। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती आभा सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें रैली में जाने के निर्देश दिए। श्रीमती आभा सिंह के साथ हजारों महिलाएं और पुरुष रैली में जाने के लिए तत्पर दिखाई पड़े। चांदपुर निवासी समाजसेवी आभा फाउंडेशन की चेयरमैन तथा फादरसन पब्लिक स्कूल की प्रबंधिंका आभा सिंह आगामी 2022 में विधानसभा के होने वाले चुनाव में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से उतरकर भाजपा कार्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। श्रीमती आभा सिंह ने हजारों कार्यकताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वाहेड़ी आगमन पर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

# महिलाएं और मुस्लिम भी काफी संख्या में जनसभा में पहुंचे



**नूरपुर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ की स्वाहेड़ी में आयोजित जनसभा में जाने के लिए महिलाओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से जाट, सिख व यादव के साथ-साथ मुस्लिमों ने भी सहभागिता की। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से 50 बसें तथा 200 निजी वाहन विधानसभा प्रभारी उदय गिरि गोस्वामी, जिला मंत्री नरेश भाटी तथा मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, सुनील सैनी,राजीव त्यागी, सुरेश कुमार के नेतृत्व में रवाना हुए। महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ ले जाने में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान व श्रीमती आभा सिंह आगे रहीं। पूर्व विधायक डा. वीपी सिंह, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत भी काफिले के साथ रवाना हुए।

# पर्यावरण को शुद्ध रखने का लिया संकल्प

पब्लिक इमोशन संवाददाता

**चांदपुर।** गंगे च यमुने प्रकृति संरक्षण यात्रा का चांदपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जल, जंगल, जमीन,पानी बचाओ, पॉलीथीन हटाओं, पेड़ लगाओ आदि अनेक संदेश देता कार्यक्रम प्रस्तुत किया शुक्रवार को आभा फाउण्डेशन एंव फादरसन पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में गंगे च यमुने प्रकृति पर्यावरण संरक्षण रथ यात्रा के भव्य स्वागत एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस [illegible] यात्रा प्रमुख स्वामी प्रणवानंद [illegible] जल, जमीन [illegible] पर्यावरण को [illegible] नदियों को शुद्ध [illegible] जिम्मेदारी बनती है। [illegible] का भी [illegible]।



इस मौके पर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को शपथ भी दिलाई। इस मौके पर सैकड़ों लोगों उपस्थित रहें। गुरूवार को शुक्रतीर्थ पौराणिक नगरी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों जागरूक और प्रेरित करने के लिए गंगे च यमुने प्रकृति संरक्षण यात्रा का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम में स्वामी प्रणवानंद यात्रा प्रमुख, रामीतार प्रांत संयोजक पर्यावरण, स्वामी जगदेवानंद, स्वामी विक्रम बेताल, मुकुल, नरपाल मलिक, सुशील राजपूत, जगदीश प्रचारक प्रमुख, देवेन्द्र चौहान जिला कार्यवाह, विदित, निर्मल, फादरसन पब्लिक स्कूल प्रबंधक आभा सिंह, पति पुष्पराज चौहान,विधायक कमलेश सैनी समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# ग़रीब कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिये 51 हजार 429 रूपये भेंट किये



**चांदपुर (चिंगारी)।** फादरसन सीनियर सेकेण्ड्री पब्लिक स्कूल, चांदपुर की ओर से गरीब कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए 51,429 रूपये की धन राशि समाजसेवी संस्था केयरिंग सेल्स फाउण्डेशन लखनऊ को भेंट की गयी। स्कूल की प्रबंधक श्रीमती आभा सिंह ने छात्र-छात्राओं द्वारा एकत्र की गयी 51,429 रूपये की धनराशि संस्था के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मनीष मिश्रा को भेंट की। इस अवसर पर मनीष मिश्रा ने कैंसर के बारे में बताते हुए कहा कि तीसरी स्टेज पर कैंसर होने की जानकारी हो जाती है। कैंसर की 100 प्रतिशत केसों में 30 प्रतिशत मुंह का कैंसर होता है, जिसका मुख्य कारण तम्बाकू, गुटखा, धूम्रपान व शराब का सेवन करना होता है। खाद्य पदार्थों में रसायन केमिकल का प्रयोग व प्रदूषण आदि भी इस बीमारी का कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर का शिकार होते हैं। उन्होंने खानपान में सुधार करने तथा धूम्रपान, तम्बाकू, शराब का सेवन न करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमन कुमार, पीआरओ प्रशान्त कुमार शर्मा आदि भी मौजूद थे।

# क्षेत्र के हालात पर आभा सिंह ने की प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह से बात

नूरपुर (बि.टा.)। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं आभा फाउण्डेशन की संस्थापक आभा सिंह ने लखनऊ जाकर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की तथा उन्हें क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान आभा सिंह ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की। आभा सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह से खुशगवार माहौल में बातचीत हुई। इस दौरान उनसे अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में भी विस्तार से बातचीत हुई।



# लखनऊ पहुंची आभा सिंह ने प्रदेश प्रभारी दयाशंकर से की मुलाकात

नूरपुर, (उदय प्रभात संवाददाता)। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की सबसे लोकप्रिय महिला उम्मीदवार एवम् आभा फाउंडेशन ग्रुप की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने लखनऊ पहुंचकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की स्थितियों को अवगत कराते हुए क्षेत्र वासियों की प्रमुख समस्यों एवम् उनकी मांगों पर विस्तार पूर्वक वार्ता की। वार्ता काफी देर तक चली और इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी कई मुख्य बिंदुओं पर भी बात हुई।

आभा सिंह ने हिंदी दैनिक उदय प्रभात को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी दयाशंकर सिंह से उन्होंने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की बंपर जीत दर्ज कराकर भारतीय जनता पार्टी के हाथों को मजबूत करना है।



# आभा सिंह ने ग्रामीणों से जानीं समस्याएं

## समस्याओं के यथा संभव निराकरण का प्रयास

## प्रतिदिन कर रहीं ग्रामीणों से डोर टू डोर संवाद

● जनवाणी संवाददाता, नूरपुर

विधानसभा चुनाव के लिए नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की संभावित प्रत्याशी एवं आभा फाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह निरतंर जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने तथा यथा संभव सहायता कर ग्रामीणों के बीच अपनी पैठ बनाने में जुटी है।

शनिवार को नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा टिकट की दावेदारी जता रही आभा फाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के महमदाबाद तथा गोपालपुर समेत आधा दर्जन सेअधिक गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से संपर्क किया तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके निदान का यथा संभव प्रयास किया। आभा सिंह ने कहा कि उनका परिवार आरंभ से ही समाज की सेवा को महत्व देता आया है। उन्होंने कहा कि अपने संस्थान के माध्यम से वे लंबे समय से क्षेत्र में सेवा कार्य कर रही है जिसमें कमजोर वर्ग की युवतियों को विवाह कराना तथा सिलाई तथा कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र खोलना प्रमुख है जिससे मातृ शक्ति आत्म निर्भर बन सकें। संपर्क के दौरान उनके साथ ओमवती देवी, संजीव कुमार, संदीप शर्मा, कंचन लता, नवनीत कुमार, अलका रघुवंशी, कल्याण सिंह, विपिन कुमार, दिनेश कुमार तथा होरी सिंह आदि मौजूद रहे।



ग्रामीणों से वार्ता करती आभा सिंह। ■ छाया : जनवाणी

# मेरा परिवार भाजपा परिवार एवं बेटियो को आत्मनिर्भर बनाओ : आभा सिंह

**संवाददाता–अमर आनंद**

नूरपूर। बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका व आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह जी लम्बे समय से निरंतर नूरपूर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोगों के बीच पहुँचकर भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहीं हैं और योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों को तैयार कराने में अपने फाउंडेशन के माध्यम से लोगों का सहयोग कर रहीं हैं। श्रीमती आभा सिंह जी क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के साथ ही सिलाई सेंटर आदि के माध्यम से बेटियों को आत्म निर्भर व सशक्त बना रहीं हैं। साथ ही जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का अपने खर्च पर विवाह कर समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच लाने का कार्य कर रहीं हैं और जन सेवा के दृढ़ संकल्प के साथ ये सेवा कार्य निरंतर गतिशील हैं।



इसी क्रम में श्रीमती आभा सिंह जी ने आज डायमंड सिटी, मुरादाबाद रोड, नूरपुर स्थित अपने कार्यालय पर "मेरा परिवार, भाजपा परिवार" भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत शिविर लगाकर नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की भारी संख्या में सदस्यता कराई तथा सभी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया।

# आभा सिंह ने किया क्षत्रिय राजपूत समाज को सम्मानित

नूरपुर (प्रयाण)। रविवार शाम को आभा सिंह (संस्थापक, आभा फाउंडेशन एक समाज सेवी संस्था) द्वारा क्षत्रिय राजपूत समाज के सम्मान में एक गोष्ठी का आयोजन महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर तथा दिया जला कर किया गया जिसमे नूरपुर विधान सभा क्षेत्र के क्षत्रिय राजपूत समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया श्रीमती आभा सिंह ने सभी आगंतुकों के गले में शॉल डालकर स्वागत किया डायमंड सिटी कॉलोनी मुरादाबाद रोड नूरपुर आभा फाउंडेशन संस्था के कैंप कार्यालय पर, गोष्ठी के दौरान सभी बुद्धिजीवियों ने अपने अपने विचार रखे तथा महाराणा प्रताप जी को याद किया गया तथा उनके पद चिन्हो पर चलने का आह्वान किया श्रीमती आभा सिंह ने बताया कि आभा फाउंडेशन एक गैरराजनैतिक संस्था हैं जो कि जीवन पर्यन्त समाज सेवा के कार्यों में लगी रहेगी आभा सिंह द्वारा मिले सम्मान व् उनके वयवहार के वसीभूत होकर पूरे



क्षत्रिय राजपूत समाज ने पूर्ण समर्थन देने का वचन दिया सभा का सञ्चालन रितेश चौहान, महामंत्री क्षत्रिय राजपूत सभा नूरपुर, बाबू चंद्रपाल कि अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर क्षत्रिय राजपूत सभा के नूरपुर ब्लॉक व् नूरपुर नगर के अध्यक्ष नवनीत कुमार उपाध्यक्ष राजेश कुमार, मंत्री जय कुमार सिसोदिया, संगठन मंत्री ललित कुमार, मीडिआ प्रभारी मनीष चौहान, कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह, ऑडिटर मास्टर भूपेंद्र सिंह, पूर्व महा मंत्री अनिल सिंह, पूर्व अध्यक्ष शेहमराज सिंह, सदस्य राहुल कुमार जी, वीरेंदर सिंह(राधा पेंट्स), मास्टर हर्षवर्धन सिंह,डॉक्टर रामकुमार राणा, अनिल कमल, अशोक राजपूत, उमेश शेखावत आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम देर रात तक चला कार्यक्रम की साज-सज्जा वह सफल बनाने में विशेष योगदान नवीन कुमार का रहा।


## आभा फाउंडेशन एवं फादरसन सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पुष्पराज सिंह व बेहद मिलनसार, व्यवहारकुशल व प्रबंधिका श्रीमती आभा सिंह का क्षेत्र की जनता से आह्वान

# कोरोना वायरस से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी

**एनसीआर टुडे**

**बिजनौर, लड्डन खां-जिला प्रभारी।** चांदपुर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी पुष्पराज सिंह एवं उनकी आदर्श पत्नी श्रीमती आभा सिंह की लोकप्रियता एवं समाजसेवा का डंका चांदपुर क्षेत्र ही नहीं, जनपदभर में बज रहा है। आभा फाउंडेशन नामक संस्था द्वारा जहां गरीब कन्याओं के हाथ पीले कराए जा रहे हैं। वहीं कमजोर वर्ग की महिला व युवतियों को सिलाई, कढ़ाई आदि का प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। इसके साथ ही चांदपुर-बिजनौर रोड पर स्याऊ में स्थित फादरसन सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल भी उत्तम शिक्षा, अनुशासन के लिए क्षेत्र में अपने झंडे गाड़े हुए है। इन दोनों संस्थाओं का कुशल संचालन गरीबों, मजलूमों के सच्चे रहनुमा, पुष्पराज सिंह एवं उनकी पत्नी [illegible] आभा सिंह के हाथों किया [illegible] है। अब तक जनपद में [illegible] बेटियों के हाथ पीले [illegible] आभा फाउंडेशन द्वारा कमाए जाने के साथ-साथ सर्व समाज की गरीब महिला व बेटियों को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य भी श्रीमती आभा सिंह के कुशल निर्देशन में किया जा रहा है।

चांदपुर क्षेत्र सहित जनपद भर में अपनी समाजसेवाओं, बेहद मिलनसार व कुशल व्यवहार तथा गरीबों, मजलूमों के रहनुमा के रूप में अलग पहचान बनाए रखने वाले पुष्पराज सिंह एवं उनकी पत्नी श्रीमती आभा सिंह ने क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों से कोविड-19 वायरस से बचाव के लिए पुरजोर अपील करते हुए कहा कि सभी को इसके प्रति सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने लोगों से कहा कि कोरोना वायरस से घबराए [illegible] सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सावधानी बरतें। [illegible] कि आज कोरोना [illegible] में अपना कहर बरपा [illegible]। इससे सावधान रहने की जरूरत है। इससे बचाव के उपायों पर अमल करना हर नागरिक का [illegible] है। उन्होंने कहा कि हर इंसान को अपनी शरीर को साफ सुथरा रखने, दिन भर में कई बार साबुन से हाथ धोने, किसी से हाथ न मिलाने तथा दो गज की दूरी बनाकर रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उपरोक्त नियमों का पालन कर स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। साथ ही एक अच्छा नागरिक होने का प्रमाण भी जनता को दें। उन्होंने जनता को आगाह किया कि खासी, जुकाम व बुखार के लक्षण होने पर किसी के संपर्क में न आए। हाथ मिलाने से बचे, भीड़भाड़ वाले स्थानों से जाने से बचें। उन्होंने आह्वान किया कि जीवित पशुओं से संपर्क या कच्चे अधपके मांस के सेवन से भी बचना चाहिए। जिस व्यक्ति में खासी बुखार या जुकाम के लक्षण है तो उसे दो मीटर की दूरी बनाए रखे और अनावश्यक यात्रा भी न करें। अगर कोई फैमिली सदस्य इस कोरोना काल में विदेश की यात्रा करके लौटकर आया तो उसे भी सावधानी बरतने का आहवान किया।



## जनता से आह्वान

**कोरोना वायरस से बचाव के लिए सरकारी गाइड लाइन का पालन करें, घर से निकलते समय मास्क का प्रयोग करें। जहां कहीं भी जाए दो गज की दूरी बनाए रखें। बुखार, नजला, खासी की शिकायत होने पर चिकित्सक की सलाह लें।**

## आभा ने महिलाओं को दी प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी



चांदपुर (विधान केसरी)। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की ज़िला संयोजिका एवं आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा की नीतियां बतायीं।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कासमाबाद ग्रामवासियों के साथ बैठक में श्रीमती आभा सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सफल साढ़े चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियों व योजनाओं के बारे में जानकारी देकर ग्रामवासियों को उन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विपिन कुमार, मुरारी सिंह ग्राम प्रधान, सुशील कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य, वीर सिंह पूर्व प्रधान, रमेश पूर्व प्रधान, मास्टर लीलाधर सिंह, डा. संजीव, राजपाल चौधरी, राजेश सैनी बूथ अध्यक्ष सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई

नूरपुर (चिंगारी)। सोमवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की जिला संयोजक व आभा फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती आभा सिंह ने मुरादाबाद रोड स्थित अपने केम्प कार्यालय पर शिविर लगाकर 'मेरा परिवार भाजपा परिवार' कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भारी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई तथा सभी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया। गौरतलब है कि भाजपा नेत्री श्रीमती आभा सिंह ने क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ ही सिलाई सेंटर आदि के माध्यम से बेटियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। साथ ही जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का अपने खर्च पर विवाह कर समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच लाने का कार्य कर रही हैं और जनसेवा के दृढ़ संकल्प के साथ ये सेवा कार्य निरंतर गतिशील है।



# नितिन गडकरी का स्वागत करने पहुंची आभा सिंह

**जन शौर्य संवाददाता**
**शादाब इदरीसी**

नूरपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका एवं आभा फाउंडेशन की संस्थापिका नूरपुर विधानसभा से मजबूत दमदार संभावित भाजपा प्रत्याशी आभा सिंह हजारों महिलाओं के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की जन विश्वास स्वागत यात्रा के लिए झंडा चौक पर पहुंची।



रविवार को को मुरादाबाद मार्ग स्थित आभा फाउंडेशन कार्यालय पर लगभग 6000 महिलाएं भाजपा कार्यकत्रिया एकत्र हुई। इनके अलावा भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी कार्यालय पर एकत्र हुए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संस्था पिका समाज सेविका भाजपा नेत्री नूरपुर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रबल दावेदार माने जाने वाली आभा सिंह के नेतृत्व में जान विश्वास स्वागत यात्रा के लिए हजारों महिलाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान एवं भाजपा संगठन के नेता सुनील बंसल के स्वागत के लिए झंडा चौक स्थित तिराहे के लिए रवाना हुई। आभा सिंह के नेतृत्व में भारी भीड़ झंडा चौक के लिए रवाना हुई। उनकी पदयात्रा स्वागत रैली मुरादाबाद मार्ग स्थित डायमंड कॉलोनी में स्थित कार्यालय से प्रारंभ होकर शिव मंदिर चौक शहीद तिराहा चांदपुर मार्ग होती हुई झंडा चौक पर पहुंची। चांदपुर से चली जन विश्वास यात्रा झंडा चौक पर बाहनों के काफिलों के साथ करीब शाम 5:00 बजे पहुंचने पर आभा सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संजीव बालियान, परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, चांदपुर विधायक कमलेश सैनी एवं भाजपा संगठन के नेताओं का जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य प्रसाद मौर्य के नूरपुर के खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचने पर आभा फाउंडेशन की संस्था पिका एवं भाजपा नेत्री आभा सिंह के नेतृत्व में कई हजार महिलाओं ने पहुंच कर आभा सिंह का कद बढ़ाया था। श्रीमती सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में लगभग 50 निर्धन जरूरतमंद कन्याओं के विवाह संपन्न कराएं हैं। इसके अलावा क्षेत्र में कन्याओं को आप निर्भर बनाने के लिए सिलाई कढ़ाई केंद्र खोलकर अलग पहचान बनाई है। इसके अलावा जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को रजाई एवं कंबल बांटकर सराहनीय कार्य किया है। उनकी एक आवाज पर हजारों की संख्या में महिलाएं इकट्ठा हो जाती है।


इसके अलावा जन विश्वास यात्रा का स्वागत नूरपुर विधानसभा से संभावित प्रत्याशी पूर्व विधायक डॉक्टर बी पी सिंह ,पूर्व राज्य मंत्री महावीर सिंह, जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत, कविश राणा, सुंदर सिंह राणा आदि ने जगह जगह पर उनका स्वागत किया 7

Let's Enhance .io

# सबका साथ सबका विकास



## मेरी बेटी मेरी आभा
## इस बार फिर योगी बाबा


नूतन वर्ष
नूतन संकल्प
श्रीमती आभा सिंह
जिला संयोजिका-बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ती
सम्पर्क : 8923097999, 9927974799